प्रीलिम्स फैक्ट्स: 23 जुलाई, 2018

सालकोर्नियि (salicornia)

- सालकोर्नियि एक प्रकार का पौधा है जो मैंग्रोव आर्द्रभूमि में लवणीय (salty), दलदली स्थानों पर उगता है। इसे कम सोडियम कंटेंट के साथ नमक के लिये एक विकल्प माना जाता है।
- राज्य सरकारों ने इस पौधे की खेती के माध्यम से वाणिज्यिक लाभ लेने के प्रयास तेज़ कर दिये हैं।
- भारतीय शहरों में इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए इजराइल और स्कैंडिनेवियाई देशों से सालकोर्नियि का आयात किया जा रहा है।
- उच्च रक्तचाप, मधुमेह और गैस्ट्रिक से संबंधित बीमारियों से पीड़ित मरीज़ सालकोर्नियि को सलाद और नमक के रूप में पसंद करते हैं।

जीडीपी डफ्लिेटर

- यह मुद्रास्फीति को मापने का एक अधिक व्यापक तरीका है क्योंकि डिफ्लेटर थोक या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के लिये सीमित कमोडिटी बास्केट के मुकाबले अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की पूरी श्रृंखला को शामिल करता है।
- यह उन वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य का अनुपात है जो अर्थव्यवस्था किसी विशेष वर्ष में मौजूदा कीमतों पर आधार वर्ष के दौरान प्रचलित कीमतों के लिये उत्पादन करती है।
- यह अनुपात आउटपुट में वृद्धि के बजाए उच्च कीमतों के कारण सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की सीमा को दिखाने में मदद करता है।
- सकल घरेलू उत्पाद की कीमत को डफ्लिेटर वास्तविक जीडीपी और मामूली (nominal) जीडीपी के बीच अंतर के रूप में मापता है।
- सकल घरेलू उत्पाद मूल्य डफ्लिेटर प्राप्त करने का फार्मूला : जीडीपी मूल्य डफ्लिेटर = (मामूली सकल घरेलू उत्पाद ÷ वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद) x 100
- जीडीपी डफ्लिेटर अप-टू-डेट व्यय पैटर्न को दर्शाता है।
- जीडीपी डफ्लिेटर केवल सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान के साथ त्रैमासिक आधार पर उपलब्ध होता है, जबकि सीपीआई और डब्ल्यूपीआई डेटा प्रतिमाह जारी किये जाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-23-07-2018